(c) No, Sir. However, there have been some cases of disruptions in the train services due to agitations etc. by daily commuters in support of their demands which include additional services, augmentation of load of EMU trains, etc.

The following steps are proposed to be taken for meeting the demands of the commuters:

(i) Progressive augmentation of the load of EMU services,

(ii) augmentation of the load of Nizamuddin-Agra Intercity Express,

(iii) to provide separate compartments for ladies after augmentation of the load of EMU trains, and

(iv) to suitably change the timings of EMU trains to suit the requirements of the commuters.

(d) railways take all possible steps to eliminate all avoidable detentions within their control and run the trains in time so as not to cause inconvenience to the long distance travellers.

(e) The reserved coaches of trains are manned by the TTEs/Coach attendants and Conductors to see that no unauthorised persons enter into these compartments. Train Superintendents have also been provided in 2615/2616 G.T. Express, 2621/2622 Tamil Nadu Express, 2627/2628 Karnataka Express, 2625/2626 Kerala Express trains for giving proper attention to the comforts of the passengers and redressal of their complaints. Recently, Instant Action Groups have also been provided in Tamil Nadu, Karnataka and Kerala Express trains to take care of safety, security and comforts of the passengers.

दक्षिण-पूर्व रेलवे में रेल दुर्घटनाएं

2613. **श्री दिलीप सिंह जूदेव:** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 1991-92 से 1993-94 तक वर्ष-वार दक्षिण पूर्व रेलवे के अंतर्गत कितनी मालगाड़ी और यात्री गाड़ियां दुर्घटनाग्रस्त हुईं;

(ख) इनमें से कितनी दुर्घटनाएं मानवीय गलतियों और कितनी दुर्घटनाएं तकनीकी खामियों के कारण हुई हैं;

(ग) इन दुर्घटनाओं से हुई जन तथा धन की हानि का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) इस रेलवे के अधीन कितनी रेल-लाइनों को पुरानी पड़ जाने के कारण बदले जाना आवश्यक है और इनको बदलने के लिए की जा रही कार्रवाई का ब्यौरा क्या है?

रेल मंत्री (श्री सी० के० जाफ़र शरीफ़): (क) तथा (ग) 1991-92 से 1993-94 के दौरान दक्षिण पूर्व रेलवे में परिणामी गाड़ी दुर्घटनाओं की संख्या, उनमें मारे गए व्यक्तियों की संख्या तथा इसके परिणामस्वरूप रेल संपत्ति को हुए नुकसान का ब्यौरा नीचे तालिकाबद्ध है:—

वर्ष	दुर्घटनाओं की संख्या		मारे गए व्यक्ति	रेल संपत्ति को नुकसान (लाख रुपयों में)
	यात्री गाडी	माल गाडी		
1991-92	20	65	13	651.43
1992-93	25	82	54	1379.95
1993-94	19	85	31	2250.84

(ख) कर्मचारियों तथा उपस्करों की खराबी के परिणामस्वरूप हुई गाड़ी दुर्घटनाओं का वर्ष-वार ब्यौरा इस प्रकार है:—

वर्ष	निम्नलिखित के कारण हुई उपस्कर की खराबी दुर्घटनाएं कर्मचारियों की गलती (रेल कर्मचारियो से भिन्न व्यक्तियों सहित)	
1991-92	71	9
1992-93	88	10
1993-94	77	17

(घ) 1.4.94 को दक्षिण पूर्व रेलवे में 598 कि० मी० बड़ी लाइन नवीकरण के लिए बकाया थी, जिसमे से 356 कि० मी० को 1994-95 के निर्माण कार्यक्रम में शामिल किया गया था।

सभी महत्वपूर्ण तथा भारी घनत्व वाले मार्गों पर रेलपथ नवीकरण के बकाया कार्य को 8वीं योजना के अंत तक पूरा किए जाने का प्रस्ताव है।

322 डाउन यात्री गाड़ी के पीड़ित व्यक्तियों को मुआवजा

2614. **श्री दिलीप सिंह जूदेव:** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) दक्षिण पूर्व रेलवे के अंतर्गत किरोडीमल स्टेशन पर 4 सितम्बर, 1992 को हुई 322-डाउन यात्री रेलगाड़ी की दुर्घटना में मारे गए 40 व्यक्तियों के मुआवजे के कितने दावे जुलाई, 1994 तक निपटा दिए गए थे;

(ख) जिन-जिन व्यक्तियों को मुआवजे का भुगतान किया गया और प्रत्येक व्यक्ति को जितनी-जितनी धनराशि का भुगतान किया गया, उसका ब्यौरा क्या है; और

(ग) घायल और विकलांग हुए व्यक्तियों, उनको भुगतान की गई धनराशि का ब्यौरा और उन व्यक्तियों का ब्यौरा क्या है जिनके मृत्यु और विकलांगता दावों का निपटारा तथा मुआवजे का भुगतान लम्बित है?

रेल मंत्री (श्री सी० के० जाफ़र शरीफ़): (क) और (ख) जुलाई, 1994 तक मृत्यु के पांच क्षतिपूर्ति दावे निपटाए गए हैं, मृत व्यक्तियों के आश्रितों जिन्हें क्षतिपूर्ति का भुगतान किया गया है और उन्हें भुगतान की गई क्षतिपूर्ति की राशि का ब्यौरा इस प्रकार है:—

	नाम	भुगतान की गई क्षतिपूर्ति की राशि	कब भुगतान किया गया	मृत यात्रियों के मृत्यु स्थल का नाम
	1	2	3	4
1.	श्रीमती सुरेश	40,000/- रु०	मई 1994	दैतारी
2.	सगेश्वर	40,000/- रु०	-वही-	-वही-
3	संतोषिनी खंसल	40,000/- रु०	-वही-	-वही-
4.	सावित्री खंसल	40,000/- रु०	-वही-	-वही-
5.	श्याम सुंदर खंसल	40,000/- रु०	-वही-	-वही-
		2,00,000/-रु०		
6.	गीता	50,000/- रु०	-वही-	चितंरजन
7.	रूमा रानी सिंह	50,000/- रु०	-वही-	-वही-
8.	झमा रानी सिंह	50,000/- रु०	-वही-	-वही-
9.	प्रदीप कुमार सिंह	50,000/- रु०	-वही-	-वही-
		2,00,000/- रु०		
10.	श्रीमती लक्ष्मी बाई	50,000/- रु०	-वही-	ननकी लाल चौहान
11.	श्री बंसीलाल	50,000/- रु०	-वही-	-वही-
12.	श्री तुलसी लाल	50,000/- रु०	-वही-	-वही-
13.	श्री गणेश लाल	50,000/- रु०	-वही-	-वही-
		2,00,000/- रु०		